कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा लिखित पुस्तक I am Shiva पर पुस्तक समीक्षा कार्यक्रम का केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजन

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के पुस्तकालय शारदा भवन में बृहस्पतिवार को माननीय कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा लिखित पुस्तक अहं शिवम् पर विद्यार्थियों ने अपना रिव्यू प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने शिव तत्व और आत्मचेतना पर अद्भुत प्रस्तुति दी और शिव तथा उनसे जुड़े गूढ़ रहस्यों को अपनी प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत कर दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों ने माननीय कुलपति डॉ. राज नेहरू की पुस्तक का अध्ययन कर न केवल उससे आध्यात्मिक रहस्यों पर समृद्ध विमर्श किया, बल्कि स्वयं को जानने की चेतना और चित्त पर धाराप्रवाह वक्तव्य भी प्रस्तुत किया।

पुस्तक समीक्षा में उर्मिला प्रथम, हिमानी और आस्था द्वितीय तथा मिनाक्षी, रीतिका और अंजलि संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। माननीय कुलपति डॉ. राज नेहरू ने प्रथम रही उर्मिला को 2100 रुपए का नक़द पुरस्कार और बाकि अन्य को स्वहस्ताक्षरित पुस्तक भेंट की। कुलसचिव प्रोफ़ेसर ज्योति राणा ने इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। डीन प्रोफेसर ऋषिपाल ने माननीय कुलपति जी का स्वागत किया और विभिन्न आध्यत्मिक आयामों पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने भविष्य में ऐसे सारगर्भित कार्यक्रम आयोजित करने की बात भी कही। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. जे के दुबे ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। डॉ. कल्पना माहेश्वरी ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डीन प्रोफ़ेसर जॉय कुरियाकोजे, डॉक्टर संजय सिंह राठौड़, डॉ. शिव कुमार, योगाचार्य डॉ. सोहन लाल, सहायक उप निदेशक विनोद भारद्वाज, लैब टेक्नीशियन नताशा, प्रभा और ए के सिंह के अलावा काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।